Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# एसएसबी व आईटीबीपी के जवानों ने किया पौधा रोपण

पौधारोपण

## हरेला पर्व पर एशियन सत्कर्मा मिशन ने रोपे डेढ लाख पौधे

- भारत तिब्बत सीमा पुलिस के हिमवीरों द्वारा व्यापक पौधारोपण किया



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिले में एशियन सत्कर्मा मिशन द्वारा हरेला पर्व पर वृहद स्तर पौधारोपण अभियान चलाया गया। मिशन द्वारा दो घंटें में जनपद के विभिन्न स्थानों पर डेढ़ लाख पौधों का रोपण किया गया।

बता दें कि कुमाउ हरेला पर्व के अवसर पर विशेष तौर पर पौधारोपण किया जाता है। जानकारी के मुताबिक मिशन के संस्थापक स्वामी वीरेन्द्रानंद ने बताया कि जनपद के स्थानीय देवालयों स्कूलों, पंचायत घरों ,चिकित्सालयों, जंगलों आदि स्थानों पर मिशन द्वारा फलदार पौधों का रोपण किया गया।

इस बार मिशन द्वारा लक्ष्य रखा गया कि दो घंटें के भीतर जिले के विभिन्न स्थानों में डेढ़ लाख पौधों को रोपा जायेगा। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य डा. दिनेश उपाध्याय मौजूद रहे। उनके द्वारा मिशन के अभियान की काफी सराहना भी की गई। मिशन के द्वारा आयोजित इस अभियान के दौरान एशियन स्कूल के शिक्षक व पूर्व छात्र व मिशन के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

जिलाअधिकारी डा. विजय कुमार जोगदडे व कुमाउ मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरूरानी के नेतृत्व में उल्का देवी परिसर में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। वन विभाग के आलाधिकारी के नेतृत्व में वन परिसर की भूमियों में विशेष रूप से पौधारोपण अभियान मनाये जाने के समाचार मिले है। चीन सीमा पर भारत तिब्बत सीमा पुलिस के हिमवीरों द्वारा व्यापक पौधारोपण किया गया ।

14 वी वाहिनी मुख्यालय परिसर जाजरदेवल लछैर मुंसयारी के अलावा अग्रिम चौकी लीलम में पौधारोपण किया गया। मुंसयारी में पौधरोपण करने वालों में चौकी निरीक्षक सुभाष एसआई हीरा सिंह मर्तोलिया मौजूद रहे।

11 वी वाहनी एसएसबी के जवानों के द्वारा डीडीहाट की सीमा चौकियों में विशेष रूप ये पौधारोपण अभियान मनाया गया। इन जवानों द्वारा अंगू चिनार,पांगर,अखरोट,कटभोज के पौधे रोपे गये।

इस दौरान डीडीहाट में मौके पर एसएसबी के कमान अधिकरी महेंद्र प्रताप उपकंमाडेट अधिकारी बाके बिहारी चिकित्सा अजीत हेमरूम मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### सीमांत तहसील में बारिश का कहर जारी

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले में जहां एक बार मौसम बादल छंटनें के खुल गया। वही सीमांत तहसील मुंसयारी व धारचूला में जमकर भारी बारिश होने के समाचार मिले है। अब जगह जगह सड़कों के बंद होने के समाचार मिले है। भारी बरसात के चलते सीमांत तहसीलों की सड़कों में भारी मलवा आने से मार्गों में वाहनों के फंसे होने के समाचार मिले है। बंद पड़े रास्तों से आवागमन पूरी तरह चौपट हो चुका है।

### जिले में कोरोना का कहर जारी

**संवाददाता** पिथौरागढ। बीते बुधवार को जिले में जम्मू कश्मीर से आये एसएसबी के पांच जवान सहित महाराष्ट्र से आये दो युवकों में कोरोना होने की समाचार मिले है। बता दें कि यह मामला बुधवार देर रात्रि के बुलेटिन में हाथ लगा। वही ये सातों लोग संस्थागत क्वारंटाइन में रह रहे थे। वही सीमांत तहसील डीडीहाट में भर्ती हुए युवक की रिपोर्ट भी जांच में पाजिटिव निकली है। डीडीहाट के लोागों में दहशत का माहौल बरकरार है। डीडीहाट व्यापार मंडल को जैसे ही यह सुचना मिली तो अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है।

### गोद लिये गांव दूधली में किया वृक्षारोपण

**संवाददाता** देहरादून। दून विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मीडिया एण्ड कम्युनिकेशन स्टडीज द्वारा आज हरेला पर्व के उपलक्ष्य में स्कूल ऑफ मीडिया एण्ड कम्युनिकेशन स्टडीज द्वारा गोद लिये गाँव दूधली में पौधारोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड में मुख्य रूप से मनाये जाने वाले हरेला पर्व के अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार के मार्गदर्शन में विभाग के असिसटेंट प्रोफेसर डॉक्टर नितिन कुमार, आबशार अब्बासी एवं आशीष काला द्वारा मुख्यतः राजकीय इण्टर कालेज दुधली परिसर के साथ–साथ गाँव के अन्य स्थानो पर भी फलदार एवं छायादार वृक्षों का पौधारोपण किया गया।

### वीएलसीसी इंस्टीट्यूट ऑफ ब्यूटी एंड न्यूट्रिशन का 19वाँ वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित

**संवाददाता** हरिद्वार। एशिया में ब्यूटी एवं वैलनेस ट्रेनिंग में लीडर, वीएलसीसी इंस्टीट्यूट ऑफ ब्यूटी एंड न्यूट्रिशन ने यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर आयोजित पहली तरह के एवं एक अद्वितीय ऑन–लाईन समारोह के साथ आज अपना 19 वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया। इस वर्चुअल समारोह में 300 से ज्यादा विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इसकी अध्यक्षता वीएलसीसी ग्रुप की को–चेयरपर्सन एवं संस्थापक, वंदना लूथरा ने की। प्रतिष्ठित टीवी जर्नलिस्ट एवं इंडिया टीवी के एडिटर इन चीफ, श्री रजत शर्मा तथा मशहूर अभिनेता, योगा एवं फिटनेस आईकन, मिस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

## महानगर कांग्रेस ने नारी शिल्प इंटर कॉलेज में रोपे पौधे

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लाल चंद शर्मा ने हरेला उत्सव के अवसर पर चकराता रोड़ टैगोर विला स्थित फूलचन्द नारी शिल्प इंटर कॉलेज में इको क्लब द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर पौधे लगाए। इस अवसर पर लाल चंद शर्मा ने कहा कि आज वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड 19 ने पूरे विश्व को अपनी चपेट मे ले रखा है और ऐसे में पर्यावरण ही जीवन की रक्षा का एकमात्र साधन है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड विशेषकर हिमालयी क्षेत्र का देश एवं पर्यावरण की रक्षा में विशेष योगदान रहा है तथा उत्तराखण्ड ने देश एवं विश्व के पर्यावरण की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिस प्रकार लगातार हरियाली कम होती जा रही है उसकी रक्षा के लिए वृक्षा रोपण कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक हैं तथा वृक्षा रोपण वृहद स्तर पर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा में उत्तराखण्ड के महत्व को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिया जाता रहा है।




# गुरु राम राय लक्ष्मण संस्कृत महाविद्यालय में मनाया गया हरेला

**संवाददाता**

देहरादून। हरेला पर्व के अवसर पर बृहस्पतिवार को देहरादून के श्री गुरुरामराय लक्ष्मण संस्कृत महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ राम भूषण बिजल्वाण के साथ सभी शिक्षकों ने महाविद्यालय परिसर में औषधीय और फलदार वृक्षों का रोपण किया जिसमें कपूर हार सृंगार, अमरूद, गिलोय, दाल चीनी, आम, आँख के पौधे रोपे गये।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ राम भूषण बिजल्वाण ने कहा कि वर्तमान समय में प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर रखना है तो प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण करना पड़ेगा आज अगर पूरा



विश्व कोरोना महामारी से ग्रसित है तो कहीं न कहीं मानव के द्वारा प्रकृति के अधिक दोहन का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने अपना स्वरूप दिखाया तो आज पूरी दुनियां थम सी गयी है सब लोग महीनों से घरों में कैद रहने को मजबूर है और इसलिए अत्यंत आवश्यक है कि हम लोग प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने की आदत डालें और अगर ऐसी स्थिति रही तो कोरोना की तरह किसी और भयानक महामारी से भी जूझना पड़ सकता है।

इस अवसर पर डॉ बिजल्वाण ने अपनी भारतीय संस्कृति पुराणों का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे वेद पुराण उपनिषदों में पर्यावरण संतुलन पर बहुत बल दिया है और स्कन्द पुराण में वृक्षों का महत्व है।

इस अवसर पर साथ ही सभी लोगों ने शपथ ली कि हम अपने जीवन के महत्वपूर्ण अवसर पर एक वृक्ष अवश्य लगाएंगे।साथ ही लॉकडॉउन के कारण सभी छात्रों को अपने अपने घरों में ही वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर कॉलेज के आचार्य डॉ शैलेन्द्र डंगवाल, आचार्य मनोज शर्मा, आचार्य नवीन भट्ट, बिंदु आदि उपस्थित थे।

## तहसील कर्मियों ने पौधारोपण कर उनके संरक्षण का लिया संकल्प

**संवाददाता** गैरसैंण। हरेला के पर्व पर तहसील कर्मियों द्वारा परिषर में पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने कहा कि पौधारोपण मात्र औपचारिक कार्यक्रम ना बने इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण में शामिल हर तहसीलकर्मी को रोपित पौध की देख–भाल करनी होगी। इस मौके पर तहसील परिषर में खाली पड़ी जमीन पर अमरूद, सन्तरा सहित सजावटी बृक्षों के पौध रोपित किये गए। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख शशि सौरियाल, नायब तशीलदार राकेश पल्लव, राजस्व निरीक्षक दुर्गा प्रसाद कपरवान, सुनील डिमरी, मातवर सिंह, सुरेंद्र सिंह, इरफान खान, सूरज प्रकाश आदि शामिल रहे। दूसरी ओर कोविड केयर सेंटर भराड़ीसैंण विधानसभा परिषर में ड्यूटी कर रहे शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों व पुलिसकर्मियों ने परिषर में बुराँस, देवदार, आंवला आदि के पौध रोपित किये। नोडल अधिकारी मनवर सिंह नेगी, फेसिलिटी मैनेजर मनोज शाह, सेंटर प्रभारी डॉ फिरोज खान, संजय मनराल, आशुतोष साह पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल रहे।